तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025



2 वृद्धजन दिवस पर जिला अस्पताल में विशेष स्वास्थ्य ...





2 पशु प्रदर्शनी में हेमचंद और सुघनतिन को मिला ....






## खबर संक्षेप



### धनवंतरि प्राकट्य दिवस पर सर्वे भवन्तु सुखनः की प्रार्थना

**जगदलपुर।** आयुर्वेद के जनक और आरोग्य के अधिष्ठाता देव भगवान धन्वंतरि के प्राकट्य दिवस के अवसर पर जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में शनिवार को पूजा-अर्चना समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों और कर्मचारियों ने श्रद्धा-भाव से भाग लिया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहनीष साहू, चिकित्सक डॉ. जुगनू नेताम, डॉ मिश्रा सहित चिकित्सालय के स्टाफ ने भगवान धन्वंतरि का पूजन किया और समाज के उत्तम स्वास्थ्य और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर आयुर्वेद के सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार और जनसेवा के प्रति संकल्प लिया गया ताकि इस प्राचीन चिकित्सा पद्धति का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।

### पूर्व प्राचार्या हेलन बाजपेयी ने दिया देहदान, प्रक्रिया की पूरी

**जगदलपुर।** सेवानिवृत्त प्राचार्य हेलन बाजपेयी (70) का आज सुबह 5 बजे मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में निधन हो गया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार तबियत बिगड़ने पर 2 दिन से वहां भर्ती थी। देहदान का निर्णय उनका स्वयं का रहा।



इसलिए निधन के बाद मेडिकल कॉलेज में देहदान की प्रक्रिया पूरी की गई और परिवार को सूचना दी गई। हेलन बाजपेयी बहुमुखी प्रतिभा की धनी थी। अच्छी शिक्षिका और प्राचार्य के रूप में उनकी सेवा को लोग याद करते है। शहर की सबसे बड़ी बालिकाओं की शैक्षणिक संस्था महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्कूल की प्राचार्य भी रही। अच्छी वक्ता और रंगमंच की कलाकार के रूप में भी उनकी पहचान रही। स्कूल की बालिकाओं को राष्ट्रीय पर्व एवं अन्य अवसरों पर लोकनृत्य में तैयार करने में वे हमेशा आगे रहती थी। निर्णायक के रूप में भी ऐसे आयोजनों में वे सक्रिय रही। उनके निधन पर उनके साथ काम करने वाले लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

### बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली व हड़ताल अवधि के वेतन की मांग



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारियों की 33 दिनों तक चली हड़ताल के सरकार के साथ 6 मांगों पर सहमति बनने के बाद स्थगित होने के बावजूद, बर्खास्त किए गए कर्मचारियों की बहाली और हड़ताल अवधि के वेतन का मुद्दा अभी भी बना हुआ है।

विकासखण्ड दरभा इकाई के एनएचएम कर्मचारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के दरभा आगमन पर उनसे भेंट की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में दो प्रमुख मूलभूत मांगें रखी गईं, 25 बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली, हड़ताल के दौरान जिन 25 कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था, उन्हें सम्मानजनक ढंग से तत्काल बहाल किया जाए। कर्मचारियों की 33 दिनों की हड़ताल अवधि को कार्यवाही शून्य मानते हुए, उन्हें इस अवधि का पूरा वेतन प्रदान किया जाए। कर्मचारियों ने जोर दिया कि हड़ताल अपने हक की जायज लड़ाई थी और इस कारण किसी भी कर्मचारी का भविष्य अंधकारमय नहीं होना चाहिए।, इस संबंध में सकारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की मांग की।

# दीपावली बाजार में गजब की चहल-पहल सोने-चांदी और इलेक्ट्रॉनिक गुड्स में बूम

## माता लक्ष्मी की प्रतिमा और मिट्टी के दीयों की दुकानों में भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसके लिए लोगो की तैयारियां जोरों पर है। दीपावली के पर्व को लेकर नगर व आसपास के ग्रामीण अंचलो के बाजार सज कर तैयार हो चुके हैं। दीपो के पर्व के लिये लोगों ने खरीददारी भी शुरू कर दी हैं। बाजार में दीपावली से संबंधित सामग्री भी जगह-जगह देखी जा रही है। दीपावली के त्यौहार को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ी है। इस बार बाजार में रंग-बिरंगे बिजली के बल्बों के साथ अन्य सजावट के सामान ज्यादा नजर आ रहे है। मिट्टी के दीये बाजार में अपनी खूबसूरती के साथ बिकते नजर आ रहे हैं। लोगों ने कपड़ा, रंगोली, ऑटोमोबाइल इलेक्ट्रिकल सामान व सराफा तथा गिफ्ट आयटम की दुकानों में खरीदारी शुरू कर दी है। पर्व को लेकर दुकानदारों ने भी विशेष तैयारियां की है। इस बार व्यवसायियों को खास करके कपड़ा ऑटोमोबाइल सहित अन्य प्रतिष्ठानों में जमकर कारोबार होने का अनुमान है। वहीं नगर की कपड़ा दुकानों में जींस, टीशर्ट, साड़ी, सूट एवं रेडीमेड कपड़ों सहित पूजा सामग्री साथ ही देवी-देवताओं के सजावट के विभिन्न प्रकार के सजावटी सामानो की खरीदी लोगो ने शुरू कर दी है। मंद पड़े व्यापार के भी पटरी पर आने की उम्मीद है।



### धनतेरस पर जमकर हुई खरीददारी

धनतेरस पर बाजारों में जबरदस्त खरीदी का माहौल रहा। त्योहार की परंपरा और शुभ मान्यताओं के चलते लोगों ने जमकर सोने-चांदी, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, गहने और वाहन खरीदे। चांदी के बर्तन, सिक्के और लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की भी भारी मांग रही। तांबा, पीतल, स्टील और नॉन-स्टिक बर्तनों की जमकर बिक्री हुई। लोग इसे शुभ मानते हुए बड़ी संख्या में खरीदारी करते नजर आए। टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों की बिक्री में तेजी देखी गई। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बुकिंग और डिलीवरी भी जोरदार रही। इसके अलावा मिट्टी के दीये, सजावटी वस्तुएं, कपड़े, मिठाई और ड्राई फ्रूट्स की भी खूब खरीदारी हुई।धनतेरस पर बाजारों में आर्थिक गतिविधियों में उछाल आया।

## विकास : रेल सुविधा के लिए पदयात्रा, संघर्ष और सांसद की आवाज लाई रंग

# पांच दशक की प्रतीक्षा होगी खत्म, बस्तर रेल का सपना हकीकत की दहलीज पर


अनिल सामंत ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

▪ अब ट्रैक पर दौड़ने को तैयार है बस्तर का भविष्य

बस्तर की धरती अब विकास की नई पटरियों पर कदम रखने जा रही है। लगभग पांच दशक पुरानी दल्ली राजहरा-जगदलपुर रेल लाइन की मांग अब पूरी होने की ओर अग्रसर है। 240 किलोमीटर लंबी इस ऐतिहासिक रेल परियोजना ने अब नया मोड़ ले लिया है,जिससे बस्तरवासियों के चेहरे पर उम्मीद की नई चमक लौट आई है। पहले चरण में दल्ली राजहरा से रावघाट तक रेल निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और जल्द ही इंजन की सीटी इस रास्ते में गूंजेगी। वहीं, दूसरे चरण रावघाट से ⏭ शेष पेज 2 पर






### जल्द पूरा होने की उम्मीद

छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष एवं बस्तर रेल आंदोलन से जुड़े बड़ा आदिवासी चेहरा दशरथ कश्यप ने कहा हम बस्तरवासियों की अंतागढ़ से जगदलपुर तक 140 किमी की पदयात्रा अब जाकर सार्थक होने की उम्मीद नजर आ रही है। हरिभूमि के माध्यम से इस रेल लाइन निर्माण के लिए कम्पनी को काम सौपने की जानकारी के बाद मन मे अत्यंत खुशी हो रही है। देश के आजादी के बाद बस्तरवासियों को जगदलपुर से रायपुर तक रेल सफर करने का अवसर मिलेगा। बस्तर सांसद से यह मांग है कि वे इस रेल लाइन निर्माण को अपने निगरानी में लेकर लगातार पहल कर। साथ ही पूरी जानकारी मीडिया के माध्यम से सावर्जनिक करने की आवश्यकता है।

### बस्तरवासियों का रेल सपना अब पूरा हुआ

वरिष्ठ नागरिक संतोष जैन ने कहा बस्तरवासियों का रेल सपना अब पूरा होगा। बस्तरवासियों की मांग है,कि इस बहुप्रतीक्षित रेल लाइन निर्माण का कार्य जगदलपुर की तरफ से प्रारम्भ हो। जिस दिन लाइन निर्माण की आधारशिला रखी नही रखा जाता तब तक हमे विश्वास नही होगा कि लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ होगा।

### खबर सुकून वाली है

किशोर पारख ने कहा सात दशकों से मांग कर रहे बस्तर वासियों के लिए ये खबर सुकून वाली है कि रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन का काम शीघ्र प्रारम्भ होगा। हम बस्तरवासी चाहते है कि सभी औपचारिकताएं जल्द पूरी कर जल्द से जल्द कार्य प्रारम्भ हो।

### एक सूत्र में पिरोने में लगे

बस्तर रेल आंदोलन से जुड़े वरिष्ठ सदस्य सम्पत झा ने कहा रेललाइन के लिये 7 दशक से लड़ी लंबी लड़ाई के सभी का आभार। बस्तर रेल आंदोलन के बैनर तले पिछले 4 वर्षों से सहयोग देने वालों को,पदयात्रा के दौरान अंतागढ़, नारायणपुर, कोंडागांव, भानपुरी, बस्तर व समस्त पंचायत के सदस्यों का आभार सरकार से आग्रह है की द्रुत गति से कार्य आरम्भ करवाए।

# ओडिशा-आंध्र बार्डर पर नक्सली डंप विस्फोटकों को किया बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

▪ आईईडी, डेटोनेटर, जनरेटर, वेल्डिगं मशीन व अन्य सामान मिला

ओडिशा-आध्रंप्रदेश बार्डर में नक्सलियों द्वारा डंप किया गया भारी मात्रा में विस्फोटक ओडिशा पुलिस ने मधुमाल व चिलकलामुडी जंगल से बरामद किया है। इसी जंगल में ओडिशा पुलिस ने नक्सलियों के हथियार बनाने की फैक्ट्री को ध्वस्त किया।

जानकारी के मुताबिक नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सर्चिगं के दौरान मलकानगिरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामला कालीमेला थाना क्षेत्र के मधुमाल व चिलकलामुडी रिजर्व फॉरेस्ट एरिया का है। सर्च ऑपरेशन में तलाशी के दौरान नक्सलियों की एक गोपनीय बंदूक फैक्ट्री का पता चला। आंध्र-ओडिशा सीमा स्थित सिलुरु थाना क्षेत्र में डीवीएफ के जवानों ने सर्चिंग के दौरान माओवादियों द्वारा डंप किया गया अर्धनिर्मित बंदूकें, मरम्मत के उपकरण, और हथियार बनाने की पूरी सामग्री बरामद की है। इसके साथ ही नक्सलियों द्वारा जमीन में डंप किया गया तीन, दो और एक किलो का आईईडी बरामद किया है। इसके अलावा नक्सलियों द्वारा सुंरग में डंप किया गया डेटोनेटर, कॉडेक्स वायर, वेल्डिंग मशीन, जनरेटर और वेल्डिंग रॉड जैसे उपकरण भी बरामद किया गया हैं। मलकानगिरी पुलिस ने जारी ⏭ शेष पेज 2 पर

# वोट चुराकर राज्य और केंद्र में भाजपा ने सरकार बनाई : राव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

▪ नगरनार क्षेत्र के सिवनागुड़ा में कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

प्रदेश कांग्रेस के आदेश एवं जिला कांग्रेस के निर्देश पर नगरनार ब्लॉक कांग्रेस के प्रभारी शंकर राव की अध्यक्षता में माड़पाल मंडल के ग्राम पंचायत सिवनागुड़ा में कार्यकारी अध्यक्ष संतोष सेठिया के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड़ के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

शंकर राव ने कहा कि भाजपा ने वोट चुराकर राज्य और केंद्र में सरकार बनाई है। सभी कार्यकर्ता दिए गए निर्देश का इस अभियान को सफल बनाने पुरजोर कार्य करें। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प



दोहराया गया है। आने वाले 2029 के चुनाव में इसका जवाब जरूर देगी। इस दौरान बलराम कोकडू मंडल अध्यक्ष, सुकलधर सेक्टर अध्यक्ष,रामचन्द्र, जयमन, बदरू नाग बूथ अध्यक्ष, इमानुएल, मगरू कमलोचन, मुकुन्द, जितेंद्र, मशीहदास, राम, सोहनलाल मोहनलाल, जीवन दास, राजेन्द्र, वीरेंद्र दास, गीयानलता,तुलसी,गीता नाग, मुस्कान, बसन्ती कमलाबती, संलबती, किरोमानी नाग,निलकुमारी लिनमनी मौजूद रहे।



# समाजसेवियों ने फुटपाथ पर खरीदे दीए व घर के लिए सजावटी सामग्री

**जगदलपुर।** दीपों के त्यौहार को अर्थपूर्ण बनाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ने एक प्रेरणादायक कदम उठाया है। क्लब के सदस्य बाजार पहुंचे और दीपावली के सामान की खरीदी की। किसी ने दिये, किसी ने बताशे, तो किसी ने घर की सजावट का सामान खरीदा। इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य था शहरवासियों तक यह संदेश पहुंचाना कि खरीदारी उन्हीं से करें, जिनकी दिवाली इस खरीदारी पर निर्भर है। हमारी दीवाली से ही उनकी दीवाली रोशन होती है। इस पहल में अध्यक्ष राहुल जैन, अर्चना जैन, सचिव अमरदीप सोढ़ी, कार्यक्रम चेयरमैन अशोक लुंकड़ , नितेश चौहान, सुनील जैन, संदीप पारेख, नवीन भवसार, सुमन भवसार, कमल सेठी, निखिल दिवान, मनोज थॉमस, अविनाश जैन, कुलजीत सिंह, अंकित नारायण, चंद्रेश छाजेड़, कमलेश गोलछा, अमित जैन, सप्तगिरी मद्दी , एपारी विश्वनाथ, सनी बजाज, किशोर पारख , सौरभ अरोरा, विवेक जैन, सनी लुंकड़ सहित अन्य सदस्य शामिल थे। यह जानकारी रोटरी क्लब के मीडिया प्रभारी संग्राम सिंह राणा ने दी है।

# धनतेरस पर बरसा धन, 40 करोड़ का कारोबार

## इलेक्ट्रॉनिक बाजार में आई बहार, आटोमोबाइल बाजार में बूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

धनतेरस में सोना भी खूब दमका तो चांदी के सिक्के भी जमकर खनके। बीते वर्ष की अपेक्षा इस धनतेरस में सोने-चांदी के भाव में गिरावट से सराफा बाजार में खूब रौनक रही। दोपहर बाद दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ी। सबसे अधिक चांदी के सिक्के बिके। चांदी की गणेश-लक्ष्मी जी की मूर्तियां भी खूब पसंद की गईं।

धनतेरस के मौके पर इलेक्ट्रॉनिक बाजार में बहार आ गई। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के शोरूम में भीड़-भाड़ रही। माइक्रो ओवेन और होम थिएटर के साथ मोबाइल भी खूब बिके, इंडक्शन चूल्हे की भी जमकर बिक्री हुई। धनतेरस पर वाहन बाजार में बूम आ गया। बाइक और चार पहिया वाहन भी खूब बिके। स्कूटी की डिमांड के साथ ही स्पोटर्स बाइकों की भी जमकर बिक्री हुई, चार पहिया वाहनों की भी जमकर बिक्री हुई। बस्तर चेम्बर के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने बताया कि सर्राफा, वाहनों और अन्य सामानों सहित धनतेरस पर लगभग 40 करोड़ का कारोबार हुआ है।



### पूजा अर्चना के बाद किया दान-पुण्य

पंडित ने बताया कि अक्षय तृतीया पर किया गया दान क्षय नहीं होता है। शनिवार की सुबह लोगों ने घर में पूजा अर्चना के बाद गरीब और जरुरतमंद लोगों को अनाज, पैसे, कपड़े आदि दान किया गया।

### बाजार में लगी रही भीड़

बताया जा रहा है कि संभागीय मुख्यालय के बाजार में दोपहर से भीड़-भाड़ रहा। गोलबाजार, सीरहासार चौक, संजय मार्केट चौक एवं सड़क में जगह-जगह पुलिस तैनात रहे।

## बस्तर में पर्यटन की अपार संभावनाएं : देव

# तीरथगढ़ जलप्रपात सैर में बैंबू राफ्टिंग का भी आनंद ले पाएंगे पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दरभा ब्लाक के तीरथगढ़ जलप्रपात में कॉटेज सह कैंटिन एवं जलप्रपात के समीप बैंबू राफ्टिंग का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने फीता काटकर शुभारंभ किया। अब पर्यटक जलप्रपात के साथ बंम्बू राफ्टिंग का भी आंनद ले सकते हैं। बैंबू राफ्टिंग का संचालन तीरथगढ़ पंचायत के ईको क्लब संस्था के युवाओं के द्वारा किया जायेगा। किरण देव ने कहा बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने सरकार लगातार कार्य कर रही है। बस्तर में पर्यटन को लेकर अपार संभावनाएं हैं। विश्व प्रसिद्ध धुड़मारास बैंबू राफ्टिंग की तरह तीरथगढ़ जलप्रपात घूमने आये पर्यटकों को यहां भी बैंबू राफ्टिंग का आंनद मिलेगा। क्षेत्र के युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। मुख्यमंत्री



विष्णु देव साय बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने लगातार कार्य कर रहे हैं। पर्यटक अब काटेज सह कैंटिन का आंनद ले सकते हैं। वन विभाग द्वारा इसका निर्माण किया गया है। पर्यटक अब रात में रूककर तीरथगढ़ जलप्रपात का लुत्फ उठा सकते हैं। विधायक ने कहा विकास के लिए कार्ययोजना तैयार कर विकसित किया जायेगा।

### तीरथगढ़ में रात रूकने की सुविधा मिली

चित्रकूट विधायक विनायक गोयल ने कहा तीरथगढ़ में अभी तक रात में रुकने की कोई व्यवस्था नहीं थी। अब पर्यटक कॉटेज में रात रूकने तथा कैंटिन में भोजन की सुविधा प्राप्त कर सकते है। इस गांव के युवाओं के लिए रोजगार भी तैयार हुआ है। जिससे युवाओं को अपना और परिवार का जीविका चलाने में सरका अवसर दे रही है।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, विद्याशरण तिवारी, योगेन्द्र पांडे,जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकदई कश्यप, उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप, मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, संरपंच मंगलू राम, संतोष बघेल, फूलसिंह सेठिया, अनंत राम, धमेंद्र ठाकुर, रोहित त्रिवेदी, दिनेश पांडे, वन विभाग के एसडीओ कमल तिवारी, सीईओ वीरेंद्र बहादुर एवं क्षेत्र के जनता एवं अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# सरेंडर 62 नक्सली को बकरी पालन और फिनाइल व डिटर्जेंट निर्माण का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

▪ कमिश्नर ने किया आड़ावाल के नक्सल पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण

संभागायुक्त डोमन सिंह ने शनिवार को आड़ावाल स्थित नक्सल पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। यहां 69 नक्सल आत्मसमर्पित प्रशिक्षणरत हैं। जिनमें 23 महिलाएं एवं 12 पुरुष को बकरी पालन के साथ फिनाइल एवं डिटर्जेंट निर्माण का प्रशिक्षण आरएसईटीआई के माध्यम से प्रदान



किया जा रहा है। वहीं 34 पुरुष लाभार्थी ग्रामीण राजमिस्त्री के रूप में प्रशिक्षण आरएसईटीआई के माध्यम से प्राप्त कर रहे हैं। कमिश्नर ने प्रशिक्षण की प्रगति, आवासीय सुविधा, भोजन, स्वास्थ्य परीक्षण, एवं ⏭ शेष पेज 2 पर

### सम्मानजनक जीवन जीने की नई राह

बस्तर जिले के पुनर्वास केंद्र का काम नवां बाट रखा गया है जो गोंडी शब्द है जिसका हिंदी में अर्थ नई राह है। यह इस पुनर्वास केंद्र की भावना को दशार्ता है कि आत्मसमर्पित व्यक्ति समाज की मुख्यधारा में जुड़कर सम्मानजनक जीवन की नई राह पर आगे बढ़ें।

## खबर संक्षेप



### देवचंद मातलाम ने स्व. राजकुमार पटेल को दी श्रद्धांजलि

**फरसगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरा में बीते 14 अक्टूबर को थ्रेसर पलटने से हुए हादसे में वरदान युवा संगठन के पूर्व सचिव स्व. राजकुमार पटेल का आकस्मिक निधन हो गया था। इस दुःखद घटना के बाद आज पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम पीपरा पहुँचे, जहाँ उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने स्व. राजकुमार पटेल के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके परिजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। श्री मातलाम ने कहा कि राजकुमार पटेल वरदान युवा संगठन के सक्रिय व होनहार सदस्य रहे हैं। समाज सेवा के प्रति उनका समर्पण अनुकरणीय था। उनके जाने से संगठन व क्षेत्र को अपूरणीय क्षति पहुँची है। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं संगठन के सदस्यों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### विशाल अधिमान्यता समिति रायपुर संभाग के सदस्य बने

**धमतरी।** प्रदेश सरकार ने राज्यस्तरीय संभागीय अधिमान्यता समिति का गठन कर इसे राजपत्र में प्रकाशित कर दिया है। समिति ने प्रेस क्लब धमतरी के अध्यक्ष विशाल ठाकुर को सदस्य के रूप में नामांकित किया है। ज्ञात हो कि वरिष्ठ पत्रकार विशाल ठाकुर अपने निष्पक्ष दृष्टिकोण, मिलनसार व्यक्तित्व और जनहित की लेखनी के लिए जाने जाते हैं। उनके सदस्य बनने से धमतरी सहित संभाग के पत्रकारों की अधिमान्यता प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और सुगमता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

# वृद्धजन दिवस पर जिला अस्पताल में विशेष स्वास्थ्य सुविधा अभियान का हुआ आगाज

## 31 अक्टूबर तक चलेगा फिजियोथेरेपी सहित निःशुल्क उपचार शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल कोंडागांव के फिजियोथैरेपी विभाग में वृद्धजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वृद्धजनों के लिए विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक वृद्धजनों के लिए विशेष स्वास्थ्य सुविधा अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष वृद्धजन दिवस की थीम स्थानीय और वैश्विक कार्रवाई को आगे बढ़ाने वाले वृद्धजन हमारी आकांक्षाएं, हमारा कल्याण और अस्तित्व, हमारे अधिकार निर्धारित की गई है। फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. पदमनाथ बघेल, डॉ. अंजू झा और सहायिका उपाशी नेताम द्वारा वृद्धजनों का स्वागत नारियल, श्रीफल और पुष्पमाला पहनाकर किया गया। कार्यक्रम में 60 वर्ष से अधिक आयु वाले हितग्राहियों का इलाज किया जा रहा है। ग्राम सरगीपारा निवासी 67 वर्षीय मिच्छा राम, जो पिछले छह माह से फ्रोजन शोल्डर से पीड़ित थे, फिजियोथेरेपी से अब पूरी तरह हाथ उठा पा रहे हैं। जिला अस्पताल प्रशासन ने ऐसे सभी वृद्धजनों से अपील की है जिन्हें फिजियोथैरेपी या अन्य उपचार की आवश्यकता है, वे अस्पताल में आकर इस विशेष स्वास्थ्य सुविधा का लाभ अवश्य लें।

फ्रोजन शोल्डर से पीड़ित मरीज को फिजियोथेरेपी से मिली राहत




### ग्राम आमगांव में विकासखंड स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

# पशु प्रदर्शनी में हेमचंद और सुघनतिन को मिला अलग- अलग श्रेणी में प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष 2025 के अवसर पर ग्राम आमगांव में विकासखंड स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेला में पशु प्रदर्शनी के सात विभिन्न वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी द्वारा ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत फरसगांव अध्यक्ष मानकू राम नेताम, उपाध्यक्ष जद्दू राम नाग, कृषि स्थायी समिति की सभापति श्रीमती लीलावती नेताम, जनपद सदस्य श्रीमती बुधयारीन दुग्गा, विजय मरकाम, हेमचंद देवांगन एवं सिदराय सलाम सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पशु प्रदर्शनी में दुधारू गाय की श्रेणी में हेमचंद कुंवर को प्रथम पुरस्कार मिला। वहीं बकरा–बकरी श्रेणी में सुघनतिन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

■ पशुपालकों को विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी





#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में उपसंचालक डॉ. एम.बी. सिंह, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार नाग, नोडल अधिकारी डॉ. सुमन उइके, डॉ. प्रियंका ठाकुर, डॉ. अनिल कटरावत, डी.पी. साहू, महेश नाग, दीपेश बिस्वास, सी.के. कौशिक, चंदन नायक, अशोक तिवारी और मनोज नेताम सहित बड़ी संख्या में पशुपालक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## डीपीएस में मनाई गई दीपावली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

दिल्ली पब्लिक स्कूल ने दिवाली को उत्साह और भक्ति के साथ मनाया। दिवाली के महत्व पर भाषण दीपिका साहू (कक्षा दसवीं) और आंचल जैन (कक्षा आठवीं) ने दिया। इसके बाद स्कूल कॉयर ग्रुप ने वेदप्रकाश साहू के मार्गदर्शन में मधुर गीत प्रस्तुत किया और दीवाली पर एक रोचक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

नर्सरी से कक्षा तीसरी तक के छात्रों ने देवता और देवियां थीम पर रंग-बिरंगा रैंप वॉक प्रस्तुत किया। अजय नामदेव के निर्देशन में एक माइम शो ने अच्छाई की बुराई पर जीत का संदेश दर्शाया। प्रधानाचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने छात्रों को अनुशासन, समयपालन और आस्था के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भगवान राम के आदर्शों का अनुसरण करने और दिवाली को समझ और श्रद्धा के साथ मनाने की प्रेरणा दी। दीया सजाना, कार्टून मेकिंग, रंगोली, लैंटर्न और लोगो डिजाइनिंग जैसी प्रतियोगिता ने समारोह में रचनात्मकता और उत्साह भरा। प्रत्येक छात्र ने एक दीपक अपने घर से लाकर स्कूल परिसर में जलाया। निदेशक धीरज अग्रवाल और श्रीमती निधि अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का प्रबंधन प्राचार्य महोदय डॉ.नितिन कुमार शर्मा, समन्वयक रोहित कुमार और सतप्रीत सिंह धंजल द्वारा किया गया। संचालन अंजलि मिश्रा और मनप्रीत कौर ने किया।

## जूडो में 15 महाविद्यानयों के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में मंगलवार को अंतर महाविद्यालयीन जूडो प्रतियोगिता हुई। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि टिकेश साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति कुरूद महाविद्यालय व विशिष्ट अतिथि भोजराज चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि, खेमराज सिन्हा, श्रीमती अनुराधा साहू थे। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डा. आरके पाण्डेय, वरिष्ठ प्राध्यापक एमएस साहू, डा. सरस्वती घृतलहरे ने की।

इस कार्यक्रम को आयोजित करने में खेल विभाग के प्रमुख अमित टण्डन एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रमुख मेजर डा. ओमजी गुप्ता की भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन डा. हित नारायण टंडन विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र ने किया। इस आयोजन में पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर से संबंधित सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय के कुल 15 कालेज की टीम ने विभिन्न वजन वर्ग में भाग लिया। पुरुष वर्ग में 60 किग्रा वजन में गौतम प्रसाद विप्र कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रायपुर प्रथम, मुकेश निर्मलकर आईसीटी गरियाबंद द्वितीय, मनस्वी जीएनए महाविद्यालय भाटापारा तृतीय रहे। पुरुष वर्ग में 66 किग्रा वजन में अपूर्व सोनी विप्र कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रायपुर प्रथम, सौरभ सिंग जीएनए महाविद्यालय भाटापारा द्वितीय रहे। पुरुष वर्ग में 73 किग्रा वजन में श्यामकिशोर यादव नेताजी सुभाष महाविद्यालय अभनपुर प्रथम, जितेन्द्र जीएनए महाविद्यालय भाटापारा द्वितीय, 90 किग्रा वजन में अर्नव पाल दुर्गा महाविद्यालय रायपुर प्रथम तथा 100 किग्रा वजन में पोषण देवांगन जीएनए महाविद्यालय भाटापारा प्रथम रहे। महिला वर्ग के 48 किग्रा वजन में प्राची जीएनए महाविद्यालय भाटापारा प्रथम, मुस्कान नेताजी सुभाष महाविद्यालय अभनपुर द्वितीय, दीपिका डागा कन्या महाविद्यालय रायपुर तृतीय रही 52 किलोग्राम वजन में झरना निषाद डागा कन्या महाविद्यालय रायपुर प्रथम, त्रिवेणी संत गुरु घासीदास शास. स्नातको. महावि. कुरूद द्वितीय रही।

# अंतर्जिला की टीम ने किया अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कायाकल्प योजना के तहत अंतर्जिला रायपुर की टीम ने जिला अस्पताल पहुंच विभिन्न बिंदुओं पर निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि अस्पताल को अब तक योजना के तहत सांत्वना पुरस्कार से ही संतुष्ट होना पड़ रहा है। पुरानी बिल्डिंग होने के कारण पाइंट कट जाता है।

शासन शासकीय अस्पतालों को प्रोत्साहित करने प्रत्येक वर्ष कायाकल्प योजना चलाता है। इस योजना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पताल शामिल रहते हैं। जिला चिकित्सालय को अब तक कायाकल्प योजना के तहत कोई पुरस्कार नहीं मिला है। बीते वर्ष भी अस्पताल को सांत्वना पुरस्कार से ही संतुष्ट होना पड़ा था। इसकी मुख्य वजह अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग है जिसके कारण पाइंट कट जाता है। कायाकल्प योजना 2025-26 के तहत रायपुर जिला अस्पताल की 6 सदस्यीय टीम शुक्रवार को जिला चिकित्सालय धमतरी के निरीक्षण में पहुंची। टीम में एसके भंडारा सिविल सर्जन, डा.वीके झा हड्डीरोग विशेषज्ञ, डा.लक्ष्मी चंद्राकर माइक्रो बायोलाजिस्ट व डा. दिलीप सोनबेर अस्पताल सलाहकार व सरस्वती घृतलहरे फार्मासिस्ट शामिल थे। टीम ने अलग-अलग बंटकर जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। सिविल सर्जन डा. अरूण टोंडर, अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप, मैट्रन पार्वती नेताम सहित स्टाफ ने टीम को पूरे अस्पताल का भ्रमण कराया। नये अस्पताल की बिल्डिंग शुरु हो जाने के बाद आगामी वर्ष में जिला अस्पताल को पुरस्कार की उम्मीद है।

■ अस्पताल की बिल्डिंग पुरानी होने के कारण कट जाता है पाइंट



#### 100 प्वाइंट पर निरीक्षण

*कायाकल्प योजना के तहत टीम को अस्पताल का 100 पाइंट में निरीक्षण कर नंबर देना होता है। 70 पाइंट से अधिक होने पर जिला चिकित्सालय राज्य के लिए क्वालीफाई होता है। उसके बाद राज्य की टीम आकर अस्पताल का निरीक्षण करती है। टीम को हास्पिटल फेसलिटी जिसमें जानवरों पर नियंत्रण, गार्डनिंग, खुली जगहों का रखरखाव, अधोसंरचना, फर्नीचर, पानी, हाईजीन, वेस्ट मैनेजमेंट, संक्रमण कंट्रोल, सपोर्ट सर्विस, हास्पिटल की बाउंड्रीवाल, इकोफ्रेण्डली सिस्टम सहित अन्य बिंदुओं पर निरीक्षण करना होता है।*


## हाईस्कूल भोयना की व्याख्याता को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



छत्तीसगढ़ कला प्रतिभा अकादमी बाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, समाजसेवियों एवं मीडिया को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शासकीय हाईस्कूल भोयना की व्याख्याता श्रीमती करुणा सोनबेर को शैक्षणिक गतिविधि, बालिका उत्थान योजना, अनुशासन एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रम के लिए प्रमाण पत्र, मेडल, श्रीफल, शॉल से सम्मानित किया गया। इस उपलब्ब्धि पर शाला परिवार समेत अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# दो बाइक में भिड़ंत दोनों चालक घायल







हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गुरूवार की रात्रि भटगांव के आईटीआई कालेज के पास दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों चालक घायल हो गए। वहीं तेज रफ्तार आटो के पलट जाने से पीछे आ रही बाइक चपेट में आ गया।

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम बेंदरा नवागांव निवासी कुलेश नागवंशी गुरूवार की रात्रि अपनी मोटरसाइकिल से भटगांव आईटीआई कालेज के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से बाइक चालक दद्दू कुमार आ रहा था। दोनों बाइक तेज रफ्तार में थी। ग्राम भटगांव के आईटीआई कालेज के पास दोनों बाइक में आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों बाइक के टकराने से तेज आवाज आई। टक्कर में दोनों बाइक के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर वरदान संस्था के शिवा प्रधान व सोनू साहू एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे और सड़क पर पड़े घायलों को उपचार के लिये श्रीराम अस्पताल पहुंचाया। घायलों का उपचार जारी है। इसी तरह एक अन्य सड़क दुर्घटना शुक्रवार को रूद्री रोड में हुई है। आटो क्रमांक सीजी 05 एएच 7865 दोपहर में रूद्री रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान अम्बेडकर चौक रूद्री रोड में स्थित पुलिया के पास तेज रफ्तार आटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे बाइक आटो में घुस गई। घटना में आटो व बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक चालक को मामूली चोट आई है। बताया गया है कि आटो चालक शराब के नशे में धुत था।

**न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

रा.प्र. क्रं.:-202510151000090/ब-121/2025-26
ग्राम बड़ांजी प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा ग्राम बड़ांजी के आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक नरेन्द्र भारद्वाज पिता स्व. हरिनाथ भारद्वाज, जाति हल्बा, निवासी बड़ांजी तरईभाटा तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर के द्वारा आश्रीत प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत् न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। यह कि आवेदक की पुत्री धरमशीला नाग शिक्षा विभाग अंतर्गत मा.शा. पारापुर में शिक्षिका के पद पर पदस्थ थी। जिनकी सेवाकाल के दौरान दिनांक 11.01.2022 को मृत्यु हो चुकी है। यह कि आवेदक अपनी पुत्री का पेंशन प्राप्त करने हेतु आश्रीत प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। जिसकी पेशी दिनांक 31.10.2025 को नियत किया गया है। जिस किसी को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना है। निर्धारित तिथि तक अपने अधिवक्ता/अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरांत किसी के आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.10.2025 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क./क/तह./2024-25
तोकापाल दिनांक 9/10/2025

**-- उद्घोषणा--**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामू मण्डावी पिता सुखराम मण्डावी जाति माड़िया निवासी ग्राम नैननार तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पुत्र/ पुत्री/ दादा/दादी/ नाना/नानी/ माता/ पिता/ पति/पत्नि/ भाई/बहन/ भुरसू/मिठू मृत्यु तिथि 5/7/2024 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत नैननार के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/ पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 23/10/2025 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा / आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषण आज दिनांक 9/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 23/10/20.25

मुहर
तहसीलदार
तोकापाल

## पेज 3 के शेष

### पांच दशक की...

जगदलपुर तक 140 किलोमीटर नई रेल लाइन निर्माण के लिए रेल मंत्रालय ने 3,200 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इस महत्वाकांक्षी कार्य को अंजाम देने की जिम्मेदारी मेसर्स मोनार्क सर्वेयर्स एंड इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स लिमिटेड, पुणे को सौंपी गई है। एजेंसी द्वारा भूमि अधिग्रहण, जियोटेक जांच,ड्रोन-लिडार सर्वेक्षण, डीजीपीएस और टोटल स्टेशन सर्वे जैसे अत्याधुनिक कार्य किए जाएंगे। यह वही रेल लाइन है, जिसके लिए बस्तर रेल आंदोलन से जुड़े सैकड़ों लोगों ने अंतागढ़ से जगदलपुर तक 140 किलोमीटर पदयात्रा की थी। सांसद महेश कश्यप ने भी संसद में लगातार प्रश्न उठाकर रेलमंत्री का ध्यानाकर्षण कराया था। अब जब बस्तर की पटरियों पर उम्मीदों की ट्रेन दौड़ने को तैयार है,तो हर बस्तरवासी गर्व से कह सकता है। हमारा बस्तर अब सचमुच जुड़ रहा है भारत से,पटरियों के संग, प्रगति के संग।

दशकों पुराने मांग अब रंग लाई : बस्तर में यात्री रेल सुविधा को लेकर 5 दशक से संघर्ष करने वाले बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष पुखराज बोथरा ने कहा यह हर्ष का विषय है,कि बस्तरवासियों की 7 दशक पुरानी रेल लाइन का कार्य अब रंग लाई। मैं बस्तरवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं सांसद महेश कश्यप को बधाई देता हूं। साथ ही यह भी उम्मीद करता हुं कि रेल लाइन का कार्य पूर्व की भांति कागजो तक ही न सिमट जाए,बल्कि इसका लगातार मॉनिटरिंग की आवश्यकता है। बोथरा ने कहा हमारी मांग है नवम्बर को प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन की आधारशिला अपने हाथों से रखे।

### ओडिशा-आंध्र बार्डर ....

प्रेसनोट में बताया कि यह फैक्ट्री नक्सलियों के हथियार मरम्मत और निर्माण का अहम ठिकाना था बरामद सभी विस्फोटक और सामग्री को सुरक्षा बलों ने नष्ट कर दिया है। वहीं बरामद किए गए अन्य सामानों को जिला पुलिस कार्यालय में प्रदर्शित किया गया। मलकानगिरी पुलिस ने इसे नक्सल नेटवर्क पर बड़ा प्रहार बताया है और आगे भी ऐसे अभियानों को तेज करने की बात कही है।

### सरेंडर 62 नक्सली को ....

सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश एवं सुधार संबंधी सुझाव दिए । आत्मसमर्पित लाभार्थियों के पुनर्वास एवं आजीविका संवर्धन हेतु संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### डीएवी किरंदुल ने जीता स्वर्ण पदक



**किरंदुल।** डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल के छात्र-छात्राओं ने बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन किया। खेल शिक्षक मनोज कुमार सिंह एवं तृप्ति श्रीवास्तव के नेतृत्व में 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में दिवाकर बैरागी ने स्वर्ण पदक जीत कर किरंदुल का नाम रोशन किया। 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में नागेश मंडावी ने रजत पदक प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया। इसी तरह 4 गुना 100 मीटर प्रतियोगिता में डीएवी किरंदुल ने रजत पदक प्राप्त किया। रिले रेस में दिवाकर बैरागी, आशीष कुमार, शिवम गुप्ता, धीरज बाग एवं आर्यन साहू ने विद्यालय को रजत पदक दिलाया। इस टीम के साथ विद्यालय के शिक्षक चंद्रशेखर वर्मा एवं श्रावणी एस ने स्कॉट टीचर के रूप में भाग लिया।

### बीआरसी ने माध्यमिक स्कूल का किया निरीक्षण



**भोण्ड।** विखं बस्तर के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय घाटलोंहगा में बीआरसी अजम्बर कोरम ने विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम प्रार्थना सभा में उपस्थित होकर विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। निरीक्षण के दौरान बीआरसी ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को निर्देशित किया कि आगामी एक सप्ताह की छुट्टी के दौरान विद्यार्थियों को गृह कार्य दिया जाए तथा अवकाश अवधि में विद्यालय परिसर की रंगाई-पुताई एवं कक्षाओं में प्रिंट रीच कार्य पूरा किया जाए।

## दीपोत्सव से पहले बहता है पसीना...





**जगदलपुर।** मिट्टी की सौंधी खुशबु के बीच चलानगुड़ा गांव का सोनुराम नाग का पूरा परिवार दीपावली के पहले मिट्टी के दीप बनाने में जुटा हुआ हैं। महिलाएं दूर से मिट्टी लाकर उसमें पानी मिलाकर गुथ कर मिट्टी को महीन बनाती है। मिट्टी के बीच में आने वाले छोटे छोटे कंकड़ पत्थर को अपने सधे हुए अंगुलियों से छांटकर अलग करती है। मिट्टी जब पूरी तरह दीप बनाने के लायक बन जाती है तब वह उसे सोनुराम को सौंप देती हैं। मिट्टी और पानी के मिश्रण को चाक पर डालकर उसे दीप का रूप देकर तराशा जा रहा था। यह प्रक्रिया पूरी करने में मेहनत का पसीना टपकता है जो दीपोत्सव में जलने वाले दीप का एक हिस्सा होता है। कुम्हार सोनुराम ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि हर साल दीपावली के समय मिट्टी के दीप बनाना मेरे परिवार का महत्वपूर्ण काम होता है। कुछ महिने पहले से तैयारी शुरू कर देते है। मिट्टी के दीप का दीपावली में जलना शुभ माना जाता है। वैसे अब फैंसी दीप बाजार में आने से लोग रेडीमेड और रंगीन सामान का उपयोग भी कर रहे हैं। फिर भी मिट्टी के दीप का दीपावली में पूजा में उपयोग बहुतायत में लोग करते हैं। उसने बताया लोगों के घरों में हमारे दीप से रोशनी जगमगाती है यही हमारी असली कमाई है। छाया..... संतोष पाण्डेय

### जनसंवाद में जनता से रूबरू हुए विधायक

# तीरथगढ़ की जनता ने सामने रखी मांगे, विधायकों ने तुरंत किया निदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दरभा ब्लाक में तीरथगढ़ पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव एवं विधायक विनायक गोयल ने जनमानस से सीधे संवाद किए। उनकी समस्याओं से अवगत होकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से निराकरण करने को कहा। किरण देव ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते समस्याओं से रुबरु हुए। जनता ने एक एक कर अपने जनप्रतिनिधियों के समक्ष क्षेत्र की समस्या को रखा । लोगों ने सर्वप्रथम विकास कार्यों के लिए दोनो विधायक को धन्यवाद दिया। कहा कि लोगों के मांग के अनुरूप विकास कार्य किये जा रहे हैं। किरण देव ने कहा जिन मांगों को रखा गया है उन कार्यो को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र का विकास करने में हम लगातार प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। देव ने कहा आपके हर समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

#### मांग को जल्द करेंगे पूरा

विधायक विनायक गोयल ने कहा हमारे सरकार के नेतृत्व में क्षेत्र में बहुत विकास कार्य हो रहे हैं। जनसंवाद के माध्यम से आपके बीच पहुंचकर सीधे संवाद करने का अवसर मिला। आपने क्षेत्र के विकास में मांग रखा है उसे पूरा करने का कार्य किया जायेगा।

#### ये रहे उपस्थित

इस दौरान विद्याशरण तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकदई कश्यप, उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप,जयमनी मौर्य , संरपंच मंगलू राम, मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, संतोष बघेल, महेश बघेल, फूलसिंह सेठिया, लिबरूराम,दुलार सिंह, धमेंद्र ठाकुर, विष्णु कश्यप, सीईओ वीरेंद्र बहादुर, बीईओ जगदीश पात्र एवं क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि व जनमानस उपस्थित थे।

## शिक्षक संघों का विधायक निवास में जमावड़ा जेडी के स्टाइल और सीधे अटैक से हुए लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



संयुक्त संचालक शिक्षा राकेश पांडेय के खिलाफ लामबंद हुए शिक्षकों के कई संघ के अलावा अन्य संघ के लोगों का जमावड़ा शुक्रवार की शाम 7 बजे विधायक किरण देव के सरकारी निवास नयापारा में हुआ। जहां उन्होंने जेडी को हटाने की एक सूत्रीय मांग को सामने रखा। हाल ही में बस्तर पदस्थ किए गए जेडी राकेश पाण्डे लगातार बस्तर संभाग के स्कूलों में पहुंचकर देर से आने वाले और कक्षा में शालीन पोशाक नहीं पहने वाले पर कार्यवाही कर रहे थे। शिक्षकों को इस बात पर आपत्ति थी कि जेडी वीडियो डालकर गुरप में शिक्षकों का अपमान कर रहे है। विधायक ने सबकी बात सुनी और जल्द कार्यवाही का भरोसा दिलाया। जैसा कि हेतराम सोम के जेडी बनने की सोशल मीडिया में बातें चल रही है वे यहां जिला शिक्षा अधिकारी रह चुके है। उनका पिछला कार्यकाल भी विवादास्पद रहा है। जगदलपुर के कई जेडी करोड़ों कमाकर बिना किसी विरोध और विवाद के आराम से चले गए। बस राकेश पाण्डेय का स्टाइल और सीधे अटैक गुरूजियों को रास नहीं आया। वैसे पूर्व के जो जेडी ने ट्रांसफर, पोसंटिग और पदोन्नति में बेहिसाब कमाए उसमें उनके ऑफिस के कुछ बाबुओं ने भी बहती गंगा में जमकर हाथ धो लिए। वैसे भी कहा जाता है बस्तर में शिक्षा विभाग में न धन की कमी न अवसर की। कई संघ के गुरूजी भी करोड़पति बन गए यह चर्चा भी विभाग के गलियारों में घुमती रहती है। बहरहाल सभी तरफ से जेडी को हटाने की शिकायत के बाद वे सबसे कम कार्यकाल के जेडी हो जाएंगे।

## सांसद ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**किरंदुल।** किरंदुल क्षेत्र में बस्तर सांसद महेश कश्यप एवं विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुड़ामी का आतिशबाजी एवं गाजे- बाजे के साथ पार्षदों के द्वारा गजमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। जिसके पश्चात कार्यक्रम की शुरुवात वार्ड क्रमांक 7 स्थित शासकीय माध्यमिक शाला बैलाडीला के प्रांगण में मां सरस्वती के तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर की गई। उसके बाद शासकीय स्कूल के बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की गई, जिसमें बस्तर सांसद महेश कश्यप के द्वारा स्कूल के बच्चों को 5000 रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। सांसद महेश कश्यप ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। बता दें कि वार्ड क्रमांक 7 स्थित शासकीय माध्यमिक शाला बैलाडीला में एनएमडीसी द्वारा 90 लाख की लागत से नवनिर्मित बिल्डिंग का निर्माण किया गया एवं साथ ही एएमएनएस के द्वारा स्कूल को सीएसआर मद से बच्चों के बैठने हेतु बैंच दी गई जिसका लोकार्पण शुक्रवार शाम 6 बजे सांसद महेश कश्यप, विधायक चैतराम अटामी व जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी के करकमलों द्वारा किया गया।

## विधायक ने दुबेउमरगांव में किया सीसी सड़क निर्माण का भूमिपूजन

# कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड बस्तर की ग्राम पंचायत दुबे उमरगांव में विधायक लखेश्वर बघेल के आगमन पर ग्रामवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। विधायक ने डीएमएफटी मद से 9 लाख 60 हजार रुपये की लागत से 300 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया। इस दौरान ग्रामीणों ने गुड़ी परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग रखी, जिस पर विधायक ने शीघ्र ही इस मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया।

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता क्षेत्र का समग्र विकास है। जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करना ही मेरा संकल्प है। विधायक ग्राम पंचायत रेटावंड में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच के समापन अवसर पर भी पहुंचे। विगत एक माह से चल रही इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग की 32 टीमों एवं जूनियर वर्ग की 16 टीमों ने भाग लिया। सीनियर वर्ग के फाइनल मुकाबले में पल्लीभाटा और मादर के बीच रोमांचक खेल हुआ, जिसमें मादर की टीम ने 39-16 जीत दर्ज की। वहीं जूनियर वर्ग के फाइनल मैच में ईच्छापुर ने मेटावंडा को 33-17 हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। बघेल ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए तथा खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन खेल हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए।

कार्यक्रम में बालेश दुबे, मानसिंह कवासी, सूरज कश्यप छवि श्याम तिवारी, शकुंतला कश्यप, किरण मौर्य, रामया राम मौर्य, पुरन सिंह सुखराम कश्यप, कवलदास, डिगेश्वर, सचेद्र, सोहन, प्रदीप, बबलू कश्यप, नरसिंह, देवलाल धनसिंह, दयाशंकर, मुकेश, पूरनसिंह, दसीराम, शोभाराम, मुन्नाराम, जगदेव, गीता कश्यप, बुदरु राम, घुराऊ, सुशील, बसंत, नरपत, कुमारी माधुरी,तरुणा पार्वती, भोयर, महादेवी तुलाराम, कोयता,भोला राम बघेल, मुना ठाकुर तोपन चंदेल, कुबेर कश्यप, कुलेश्वर कश्यप, सोनसाय बघेल, शिव बघेल एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।







